अब उत्तराखंड का हर शहर यूआईडीएफ से बनेगा स्मार्ट

चर्चा में क्यों?

2 फरवरी, 2023 को उत्तराखंड के अपर मुख्य सचिव आनंदवर्द्धन ने बताया कि केंद्र सरकार ने आम बजट में अर्बन इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट फंड (यूआईडीएफ) बनाने का एलान किया है, जिससे देहरादून स्मार्ट सिटी के बाद अब प्रदेश का हर शहर स्मार्ट बन सकेगा।

प्रमुख बिंदु

- अपर मुख्य सचिव आनंदवर्द्धन ने बताया कि यूआईडीएफ बनने से नाबार्ड की तरह इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट की योजनाओं को न्यूनतम ब्याज दरों पर लोन मिल सकेगा।
- गौरतलब है कि अभी तक राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) से ग्रामीण इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित करने के लिये न्यूनतम दरों पर लोन मिलता था। शहरी क्षेत्रों में बढ़ती जनसंख्या का दबाव और संसाधनों की आवश्यकता के बीच इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित करना काफी खर्चीला साबित होता था। एजेंसियों से महँगी ब्याज दरों पर लोन लेना पड़ता था, जिसकी भरपाई भी चुनौतीपूर्ण काम था।
- आनंदवर्द्धन ने बताया कि टियर-2 और टियर-3 शहरों के लिये बनने वाला यूआईडीएफ राष्ट्रीय आवास बैंक (एनएचबी) के अंतर्गत संचालित होगा।
- यूआईडीएफ से शहरी क्षेत्रों में बड़ा बदलाव आएगा तथा तेजी से इंफ्रास्ट्रक्चर विकास की चुनौतियों से पार पाया जा सकेगा।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/every-city-of-uttarakhand-will-become-smart-with-uidf